Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Drone Mapping of the Lal Dora Villages.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): माननीय सभापति जी, आजकल हरियाणा प्रदेश में रेवेन्यू रिकॉर्ड के हिसाब से गांव की बस्तियों के लिए लाल डोरा मुक्त स्वामित्व योजना चलाई जा रही है। ड्रोन से जगह देखी जाती है कि किसका मकान कहां था। मेरे इलाके और बहुत से गांवों से शिकायतें आई हैं कि ड्रोन प्राइवेट कंपनियों को दिया जाता है और मिल-मिलाकर जगह किसी की होती है और मकान किसी का दिखा देते हैं। मेरे क्षेत्र में ज्यादातर व्यापारी वर्ग मुम्बई, कोलकाता और सूरत में रहते हैं और पीछे से दूसरों के नाम चढ़ाने की वजह से बहुत मुश्किल आ रही है।

मैं चाहता हूं कि आपके माध्यम से प्रदेश सरकार जल्द से जल्द इसका कोई निपटारा करे। धन्यवाद।